Regarding need to provide additional funds directly to Bodoland Territorial Council for development of healthcare facilities and sanitation services-Laid

श्री जयन्त बसुमतारी (कोकराझार) **:** उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्यों में स्वास्थ्य सेवा शुरू से ही एक बड़ा विषय रहा है हमारे यहाँ पर स्वास्थ्य सेवाओं का भारी अभाव है । उत्तर पूर्वी क्षेत्रो में खासकर मेरे बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद् में अस्पतालों और स्वस्थ्य केन्द्रो की भारी कमी है और यहाँ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की बहुत जरुरत है | इस विषय में मेरा सरकार से अनुरोध है कि बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद् इलाके में स्वास्थ्य और सफाई सेवाओं में सुधार के लिए बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद् को अतिरिक्त राशि भेजी जानी चाहिए ताकि यहाँ पर लोगो को अच्छी स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके | मैं सरकार से अनुरोध करूँगा कि मेरे बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद् के विकास के लिए भेजी जाने वाली राशि को सीधा बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद् को भेजने की व्यवस्था की जाए ताकि बोडोलैंड के विकास में किसी भी प्रकार की कोई देरी ना हो ।

-